प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

....

25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश आज कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले सैनिकों को नमन कर रहा है। कारगिल दिवस की रजत जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा किया । उन्होंने कर्तव्य की राह पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस बताता है कि राष्ट्र के लिये दिये गये बलिदान और देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वालो के नाम अमिट रहते है। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में रक्षा क्षेत्र में किये गये फैसलों के कारण देश की सेना ज्यादा सक्षम और आत्मनिर्भर हुई है। प्रधानमंत्री आज शिंकुन ला सुरंग परियोजना के लिए निर्माण कार्य का भी शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना लेह से कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। 4 दशमलव 1 किलोमीटर लंबी ट्विन ट्यूब सुरंग, लेह को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी।

प्रदेश में भी कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर कई कार्यक्रम हो रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को नमन किया। उन्होंने वीरांगनाओ को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आज सैनिक कल्याण विभाग के वेबपोर्टल का शुभारम्भ भी करेंगे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज दौसा में शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को याद किया। जयपुर में आज शाम केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से कारगिल वॉर हीरोज का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। जवाहर कला केन्द्र में होने वाले इस कार्यक्रम में दक्षिण पश्चिमी कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। बीकानेर में सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से पब्लिक पार्क स्थित शहीद स्मारक पर रजत जयंती महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। अलवर में शहीद स्मारक पर वीरांगनाओं का सम्मान किया गया। जालौर में सभी विद्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी गई। सामूहिक राष्ट्रगान भी हुआ। भरतपुर में लोहागढ स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक पर हुए कार्यक्रम में वीर शहीदों को याद करते हुए कारगिल युद्ध की गाथाएं सुनाई गई। जैसलमेर में सीमा जन कल्याण समिति मोहनगढ तहसील की ओर से विचार संगोष्ठी रखी गई। झुंझुनूं में जिला प्रशासन और सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से पुष्पाजंलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पूर्व सैनिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सैनिकों, वर्तमान सैनिकों और उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। पाली में शहीद उद्यान में श्रद्धाजंलि समारोह आयोजित हुआ। बालोतरा में कारगिल युद्ध में शहीद हुए भीखाराम मुढ़ के गांव में स्मारक पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शहीदों का बलिदान और वीरता प्रत्येक नागरिक को प्रेरित करती रहेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने सेना के जवानों की वीरता को याद किया और कहा कि कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की।

....

केंद्रीय जांच ब्यूरो– सीबीआई ने नीट–यूजी–2024 परीक्षा के संबंध में उसकी ओर से की जा रही जांच पर मीडिया में दी जा रही खबरों को भ्रामक और गलत बताया है। सीबीआई ने कल जारी बयान में कहा है कि सीबीआई की ओर से अब तक 33 स्थानों पर तलाशी ली गई है और 36 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 15 लोगों को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने कहा है कि जांच के दौरान कई सबूत जुटाए गए हैं और जांच अभी जारी है।

....

महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट के सेमीफाइनल में आज भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। श्रीलंका के रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाने वाला यह मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम अपने ग्रुप मुकाबलों में अजेय रहते हुए शीर्ष पर रही है जबकि बांग्लादेश ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहा है।

....